भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1312
उत्तर देने की तारीख 31.07.2025

सिक्किम राज्य में सांस्कृतिक स्थलों का विकास

1312. **श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा :**

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2020 से सिक्किम राज्य में सांस्कृतिक स्थलों के विकास हेतु की गई गतिविधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्ष 2020 से आज की तिथि तक सिक्किम के लिए वर्ष-वार और सांस्कृतिक स्थल-वार उपरोक्त के संदर्भ में आवंटित, व्यय की गई कुल राशि और प्रगति का ब्यौरा क्या है; और

(ग) क्या सरकार ने सिक्किम में सांस्कृतिक स्थलों की सुलभता और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आभासी यात्रा या संवर्धित वास्तविकता का अनुभव जैसी कोई डिजिटल या प्रौद्योगिकी पहल लागू की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): सिक्किम राज्य में केंद्र सरकार द्वारा संरक्षित तीन स्मारक हैं जिनका रखरखाव भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा किया जाता है। इन सांस्कृतिक स्थलों के विकास के लिए समय-समय पर विभिन्न कार्यकलाप आयोजित किए जाते हैं जैसे कि वॉकथ्रू, वार्ताएं, स्कूली बच्चों के लिए ड्राइंग और पेंटिंग प्रतियोगिताएं, आगंतुकों के लिए फोटो प्रदर्शनी और स्थानीय लोगों के साथ परामर्श बैठकें। ये कार्यक्रम जिनमें विश्व धरोहर दिवस, विश्व पर्यटन दिवस, विश्व विरासत सप्ताह, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस और अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस जैसे विभिन्न अवसरों पर आयोजित किए जाते हैं,

ताकि देश की सदियों पुरानी विरासत के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाई जा सके और उन्हें संवेदनशील बनाया जा सके। इसके अतिरिक्त, संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन स्वायत्त संगठन, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एनसीएसएम), कोलकाता द्वारा 2020 में गंगटोक में एक नवाचार केन्द्र भी स्थापित किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2020-21 से इन स्मारकों/स्थलों के विकास के लिए किए गए कार्यकलापों और किए गए व्यय का विवरण **अनुलग्नक** पर संलग्न है।

****

अनुलग्नक

सिक्किम राज्य में सांस्कृतिक स्थलों का विकास' के संबंध में दिनांक 31.07.2025 को उत्तर दिए जाने वाले राज्य सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1312 के संबंध में भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

(क) वित्तीय वर्ष 2020-21 से सिक्किम राज्य में स्मारकों/स्थलों के विकास के लिए किए गए कार्यकलापों और किए गए व्यय का विवरण

वित्तीय वर्ष 2020-21

क्र. सं.	स्मारकों का नाम	कार्यों का नाम	किया गया व्यय
कोरोना काल के कारण, इस वित्तीय वर्ष में कोई बड़ा संरक्षण कार्य नहीं किया गया।			

वित्तीय वर्ष 2021-22

क्र. सं.	स्मारकों का नाम	कार्यों का नाम	किया गया व्यय (राशि लाख रुपये में)
1.	दुबडी मठ	दुबड़ी मठ के मार्ग का जीर्णोद्धार और विकास 2021-22	18.00
2.	सिक्किम की प्राचीन राजधानी रबदेन्त्से	सिक्किम की प्राचीन राजधानी रबदेन्त्से में स्मारक स्थल तक मुख्य मार्ग का उन्नयन 2021-22	24.66
		सिक्किम की प्राचीन राजधानी रबदेन्त्से की संरचनात्मक मरम्मत कार्य 2021-22	24.69
3.	नोरबुगांग में राज्याभिषेक सिंहासन	नोरबुगांग में राज्याभिषेक सिंहासन का जीर्णोद्धार 2021-22	21.87

वित्तीय वर्ष 2022-23

क्र. सं.	स्मारकों का नाम	कार्यों का नाम	किया गया व्यय (राशि लाख रुपये में)
1.	सिक्किम की प्राचीन राजधानी रबदेन्त्से	सिक्किम की प्राचीन राजधानी के रबडेनत्से स्थल पर ध्वज-स्तंभ की स्थापना	4.96

वित्तीय वर्ष 2023-24

क्र. सं.	स्मारकों का नाम	कार्यों का नाम	किया गया व्यय (राशि लाख रुपये में)
1.	सिक्किम की प्राचीन राजधानी रबडेनत्से	पश्चिम सिक्किम में रबदेन्त्से स्थल की संरचनात्मक मरम्मत 2023-24	40.58
2.	सिक्किम की प्राचीन	2023-24 में सिक्किम की	2.86

	राजधानी रबदेन्त्से	प्राचीन राजधानी रबदेन्त्से का विकास और रखरखाव	
3.	राज्याभिषेक सिंहासन	2023-24 में राज्याभिषेक सिंहासन का विकास।	2.34

वित्तीय वर्ष 2024-25

क्र. सं.	**स्मारकों का नाम**	**कार्यों का नाम**	**किया गया व्यय (राशि लाख रुपये में)**
1.	सिक्किम की प्राचीन राजधानी रबदेन्त्से	2024-25 के लिए सिक्किम की प्राचीन राजधानी रबदेन्त्से स्थल की संरचनात्मक मरम्मत और संरचना को मजबूत करना तथा पुनरुद्धार और उन्नयन।	49.45

(ख) सिक्किम राज्य में नवाचार केन्द्र के विकास के लिए भारत सरकार द्वारा 2020 से अब तक व्यय की गई कुल राशि का विवरण :

(लाख रुपए में)

क्र. सं.	**परियोजना का नाम**	**वित्तीय वर्ष**							**अभ्युक्तियां**
		2020-21	**2021-22**	**2022-23**	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26 (जून, 2025 तक)**	**कुल**	
1.	सिक्किम विज्ञान केंद्र, गंगटोक में नवाचार केंद्र	0.00	6.94 (पहले वर्ष की आवर्ती निधि)	0.00	15.03 (दूसरे और तीसरे वर्ष की आवर्ती निधि)	0.00	0.00	21.97	एनसीएसएम द्वारा सिक्किम विज्ञान केंद्र, गंगटोक को जारी की गई धनराशि।

******